कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री सुमेर सिंह मीना, निवासी पाटन, गीजगढ तहसील सिकराय जिला दौसा राजस्थान–303502

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(एसडीएम) महवा जिला दौसा

अपील संख्या 131/2025

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

निर्णय

दिनांक 07.11.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(एसडीएम) महवा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(एसडीएम) महवा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई लोक सूचना अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(एसडीएम) महवा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(एसडीएम) महवा को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2025/2772 दिनांक 24.10.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी लोक सूचना अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी(एसडीएम) महवा ने पत्र कमांकः आरटीआई/2025/ 1053 दिनांक 6.11.2025 के द्वारा वांछित सूचना अपीलांट को भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की छाया प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.12.17 12:24:22 IST
Reason: SelfAttested

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा